‘पर्यावरण के लिए मिलकर सोचें’

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के खतरों ने विश्व को एक खतरनाक मोड़ पर ला खड़ा कर दिया है। मगर, वैश्विक समुदाय में इन खतरों से निपटने के लिए इच्छाशक्ति की कमी दिख रही है।

सभी यानी विकसित देशों को चाहिए कि वे ऐसा रास्ता निकालें जिससे विकासशील देशों के विकास का हक बरकरार रहे। द एनर्जी रिसोर्स इंस्टीट्यूट (टेरी) की ओर से आयोजित 12वें दिल्ली सतत विकास एवं शिखर सम्मेलन में मनमोहन सिंह ने कहा, ‘जलवायु परिवर्तन वैश्विक समस्या है और इसके खतरों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत है। विकसित और विकासशील देशों को मिलकर कार्य करना होगा। **(वि.सं.)**